# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद।

**पत्रांक : 534/एम.पी./2013–14** **दिनांक : 02/11/2013**

**तलपट मानचित्र संख्या :352/जोन–5/2013–14**

**मानचित्र स्वीकृति पत्र**

सेवा में,

**मै0 उप्पल चडढा हाईटेक डवलपर्स प्रा0लि0**
**757 डासना काजीपुरा मोड़, एन.एच–24**
**गजियाबाद।**

महोदय,

कृपया आप द्वारा मानचित्र पत्रावली संख्या 352/जोन–5/2013–14 दिनांक 04.09.2013 के माध्यम से प्रथम चरण में 4004.25 एकड पर प्रस्तुत तलपट मानचित्र पर प्राधिकरण बोर्ड द्वारा दिनांक 07.10.2013 को स्वीकृति प्रदान की गयी है। तलपट मानचित्र के सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रतिबन्ध/शर्ते आपको मान्य होंगी:–

1. सिटी डवलपमेन्ट चार्ज की मद में आंकलित कुल धनराशि अंकन रू 23,22,84,000/– के सापेक्ष 25 प्रतिशत धनराशि अंकन रू0 5,80,71,000/– दिनांक 09.10.2013 को प्राधिकरण कोष में जमा कराये गये है तथा अवशेष 75 प्रतिशत अर्थात रूपये 17,42,13,000/– की धनराशि को तीन छमाही किश्तों में लिये जाने हेतु किये गये अनुरोध के क्रम में उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दी गयी स्वीकृति दिनांक 15.10.13 के क्रम में देय तीन छमाही किश्तों का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र.सं. | मूल धनराशि | 16.75 प्रतिशत वार्षिक ब्याज | किश्त की धनराशि | देय तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रू0 5,80,71,000 | रू0 1,45,90,338.75 | रू0 7,26,61,338.75 | 10.04.2014 |
| 2 | रू0 5,80,71,000 | रू0 97,26,892.50 | रू0 6,77,97,892.50 | 10.10.2014 |
| 3 | रू0 5,80,71,000 | रू0 48,63,446.25 | रू0 6,29,34,446.25 | 10.04.2015 |

उपरोक्त किश्तों के भुगतान में विलम्ब होने पर नियमानुसार दण्ड ब्याज अतिरिक्त देय होगा। शासन द्वारा सिटी डवलपमेन्ट चार्ज कोस्ट इन्डेक्स के आधार पर लिये जाने अथवा अन्य कोई निर्देश इस सम्बन्ध में दिये जाते है तो वह विकासकर्ता को मान्य होगे तथा पुनरीक्षित गणना के आधार पर यदि कोई देयता बनती है तो वह विकासकर्ता को अनिवार्य रूप से प्राधिकरण कोष में तत्काल जमा करानी होगी तथा इस हेतु दी गयी अण्डरटेकिंग दिनांक 10.10.13 का पालन करना होगा।

2. योजना के विकास की अवधि पूर्व में निष्पादित डवलपमेन्ट एग्रीमेन्ट की तिथि 10.07.09 से 10 वर्ष होगी।

3. योजना में सम्मिलित कुल क्षेत्रफल 4494.31 एकड़ में से महायोजना 2021 में दर्शित कृषि क्षेत्र की 1019.22 एकड भूमि के भू–उपयोग परिवर्तन की शासन द्वारा दिनांक 19.10.2012 को जारी की गई अधिसूचना मे वर्णित ग्रीन बेल्ट की भूमि के सम्बन्ध मे, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली के सुझावो को समाहित करने सम्बन्धी एवं जनहित याचिका सं05493(एम.बी)/2012 सच्चिदानन्द गुप्ता बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य मे मा0 उच्च न्यायालय के निर्णय को अनुपालन करने सम्बन्धी समस्त शर्तो का पालन करना होगा तथा इस हेतु विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत अण्डरटेकिंग दिनांक 10.10.2013 का पालन करना होगा।

